दिनांक 03.04.2023 को जिलाधिकारी /अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 03.04.2023 को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में **"जल जीवन मिशन" (फेज–2)** के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1– मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
2– जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3– प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
4– जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी ।
5– जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
6– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी ।
7– अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
8– जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
9– जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
10– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
11– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, जल निगम लखीमपुर खीरी।

मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, एन0सी0सी0 हाउस, 5 वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद द्वारा विरचित **"जलजीवन मिशन" (फेज–2)** के अन्तर्गत 04 नग डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखीमपुर खीरी में प्रस्तुत किये गये थे, जिसमें जांचोपरान्त समस्त 04 नग डी0पी0आर0 सही पाये गये, जिनकी तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को प्रेषित किये गये थे, उक्त 04 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम/सदस्य सचिव द्वारा 04 नग पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, प्रस्तुत 04 नग डी0पी0आर0 में से 01 नग डी0पी0आर0 में रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत निर्धारित मानक 25 प्रतिशत से अधिक है जिसके सम्बन्ध में सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में रोडकटिंग की जांच जल निगम के सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 फर्म के अभियन्ताओं द्वारा कर ली गयी है जिसका प्रमाण पत्र सम्बन्धित डी0पी0आर0 में संलग्न है।

उपरोक्त समस्त 04 नग डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रस्तुत की गयी उपरोक्त 04 नग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है।

क्र0 सं0	विकास खण्ड का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना की कुल लागत (रू0 लाख में)	अभियुक्ति
मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा विरचित डी0पी0आर0 जल जीवन मिशन फेज–2 (पुर्नगठन योजना)				
1	बांकेगंज	ग्रान्ट न0 10	1029.41	उक्त ग्रामपंचायत की योजना गुणताप्रभावित होने के कारण इसमें बोरिंग की गहराई 280 मी0 ली गयी है अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय (वि0/यॉ0) के निर्देशानुसार विकास खण्ड लखीमपुर खीरी, नकहा, फूलबेहड़, पलिया, रमियांबेहड़, निघासन, धौरहरा एवं ईशानगर में गहरे नलकूप 260 मी0 का निर्माण कार्य के साथ जोन टेस्टिंग एवं सिलिंग का प्राविधान किया जा रहा है। जिसके कारण नलकूप का लागत 25.00 लाख से अधिक जा रही है।
2	रमियांबेहड़	दुलही	565.11	
3	निघासन	लुधौरी	869.19	
4	मितौली	मितौली	983.28	

उक्त 04 नग परियोजनाओं के डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये, जिसमें किस भी प्रकार की कटौती सम्भव नहीं है। समस्त 04 नग डी0पी0आर0 की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जिल पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव क निर्देश दिये गये कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निरचित किये गये डी0पी0आर0 में 634 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति एस0एल0एस0एस0सी0 से प्राप्त हो चुकी है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक मात्र 310 नग नलकूपों क निर्माण किया गया है। अवशेष नलकूपों का निर्माण दिनांक 31.05.2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय एवं समस्त 634 नग योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय के फाउन्डेशन का निर्माण बरसात प्रारम्भ होने से पू 15 जून 2023 तक पूर्ण करा लिया जाय।

जिन ग्रामपंचायतों में पेयजल योजना कार्य चल रहा है उनमें पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर उन्हें चलने योग्य बना दिया जाय, जिससे आम जनता को कोई असुविधा न हो साथ ही समस्त कार्य मानक के अनुसार कराये जाय। जिन पेयजल योजनाओं पर ओ0पी0 यूनिट का कार्य पूर्ण करा लिया गया है समस्त योजनाओं में पम्प लोवर करते हुए जलापूर्ति निरन्तर की जाय एवं साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी दिन एफ0एच0टी0सी0की प्रगति 1200 नग से कम न रहे।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त 04 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 **(निर्धारित प्रारूप–44 कालम पर)** अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम सदस्य सचिव	सहायक अभियन्ता लघुसिंचाई	जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।	जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड लखीमपुर खीरी।	जिला सूचना अधिकारी, लखीमपुर खीरी।	मुख्य चिकित्साधिकारी लखीमपुर खीरी।	अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड प्रथम लखीमपुर खीरी।	प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।

03.04.23

जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।	मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी। उपाध्यक्ष	**जिलाधिकारी** लखीमपुर खीरी। अध्यक्ष